**Need to develop large acres of land in Sirsa Parliamentary Constituency under Archaeological Department for the benefit of the people**

कुमारी सैलजा **(सिरसा) :** मैडम, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहती हूं कि हरियाणा के मेरे संसदीय क्षेत्र सिरसा में स्थित थेहड़ को पुरातत्व विभाग ने वर्ष 1932 में सूचीबद्ध किया था । इसकी कितनी भूमि है, उसके लिए एक टीम तय की गई । उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह 35 एकड़ भूमि है । वर्ष 2017 में शायद कुछ जूनियर ऑफिसर्स की गलती है या क्या है, उसमें इसे 85.5 एकड़ भूमि दिखाया गया, जो 50 एकड़ ज्यादा है । यह रानियां रोड पर है, जहां पर कॉमर्शियल एरिया भी है और वहां करीब पांच हजार लोग रहते हैं । यहां पर 70-80 सालों से रजिस्ट्री भी हो रही है । थेहड़ की 35 एकड़ भूमि को वर्ष 2017 में कब्जा मुक्त किया गया और वहां रहने वाले 713 परिवारों को विस्तापित करके हुडा सेक्टर 19 में अस्थायी रूप से रखा गया । वहां उनके पास अभी तक मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है ।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जो 35 एकड़ भूमि खाली की गई है और वह पुरातत्व विभाग के अधीन है, उसे विकसित किया जाए । उस पर पार्क और संग्रहालय बनाया जाए । जिन परिवारों को विस्तापित किया गया है, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण रूप से स्थापति किया जाए । इसे 85.5 एकड़ के बजाय 35 एकड़ ही रिपोर्ट के मुताबिक दिखाया जाए ।